अखिल भारतीय प्री-मेडिकल प्रवेश परीक्षा

एआईपीएमटी 2015

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफ एक्यू)		
क्र. स.	प्रश्न	उत्तर
1.	अखिल भारतीय प्री-मेडिकल प्रवेश परीक्षा (आईपीएमटी) क्या है ?	एआईपीएमटी डीजीएचसी, भारत सरकार के नियंत्रणाधीन सरकारी मेडिकल/ डेन्टल कॉलेजों में 15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा सीटों के तहत एमबीबीएस/ बीडीएस कोर्सों में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों के चयन के लिए एक प्रवेश परीक्षा है।
2.	एमबीबीएस/ बीडीएस सीटों को भरने के लिए एआईपीएमटी 2015 में भाग लेने वाले राज्य विश्वविद्यालय और संस्थान कौन-कौन से है ?	15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा सीटों के अलावा, निम्नलिखित राज्य सरकारों/ विश्वविद्यालयों/संस्थानों ने सूचित किया है कि वे अपने नियंत्रणाधीन मेडिकल कॉलेजों/ डेन्टल कॉलेजों में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय प्री-मैडिकल/ प्री-डेन्टल प्रवेश परीक्षा- 2015 की मेरिट सूची का उपयोग करेंगे । • पं .बी.डी .शर्मा, स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक , हरियाणा सरकार • चिकित्सा शिक्षा निदेशालय ,हिमाचल प्रदेश सरकार • चिकित्सा शिक्षा निदेशालय, मध्य प्रदेश सरकार • स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय ,पोर्ट ब्लेयर ,अंडमान एवं निकोबार • अरूणाचल प्रदेश सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ,ईटानगर ,अरूणाचल प्रदेश • चिकित्सा निदेशालय, मणीपुर सरकार • मेघालय सरकार ,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग , मेघालय • स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ओडिशा सरकार • चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार • राजकीय चिकित्सा कॉलेज एवं अस्पताल चण्डीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र सरकार • चिकित्सा विज्ञान संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय • सशस्त्र बल चिकित्सा कॉलेज (एएफएमसी ,) पुणे • बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय वाराणासी (उ.प्र) • हमदर्द विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
3.	एआईपीएमटी की परीक्षा ऑफलाईन अथवा ऑनलाईन होगी ?	एआईपीएमटी 2015 एक ऑफलाईन पेन एवं पेपर परीक्षा है।
4.	एआईपीएमटी 2015 के लिए परीक्षा तिथि क्या है ?	परीक्षा की तिथि 3 मई 2015 (रविवार) है।
5.	एआईपीएमटी 2015 के लिए पाठ्यक्रम क्या है ?	एआईपीएमटी 2015 का प्रश्न पत्र भारतीय चिकित्सीय परिषद् द्वारा यथा अधिसूचित पाठ्यक्रम पर आधारित होगा जो वेबसाइट www.aipmt.nic.in पर उपलब्ध एआईपीएमटी-2015 के सूचना बुलेटिन के परिशिष्ट - X में है।

<table>
<tr><td>6.</td><td>एआईपीएमटी 2015 का पैटर्न क्या होगा ?</td><td>एआईपीएमटी 2015 के लिए एक पेपर होगा जिसमें भौतिकी, रसायन तथा जीव विज्ञान (वनस्पति एवं प्राणि विज्ञान) से 180 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न (एक सही उत्तर के साथ 4 विकल्प) होंगे। जिसके उत्तर केवल बाल प्वाईंट पेन का प्रयोग करते हुए विशेष रूप से डिजाइन मशीन- ग्रेडेबल शीट पर दिये जाने हैं।</td></tr>
<tr><td>7.</td><td>एआईपीएमटी 2015 की समय/अवधि क्या है ?</td><td>एआईपीएमटी 2015 की अवधि 10.00 पूर्व से 1.00 अप. तक 3 घंटे की होगी।</td></tr>
<tr><td>8.</td><td>कौन से शहरों में एआईपीएमटी -2015 आयोजित होगी ?</td><td>परीक्षा केन्द्रों की सूची www.aipmt.nic.in पर उपलब्ध एआईपीएमटी 2015 के सूचना बुलेटिन के परिशिष्ट-। पर उपलब्ध कराई गई है। वेबसाइट पर अलग से भी सूची दर्शाई गई है।</td></tr>
<tr><td>9.</td><td>एआईपीएमटी 2015 के लिए ऑनलाईन आवेदन कैसे भरना है? क्या आवेदन</td><td>एआईपीएमटी 2015 के लिए आवेदन फार्म वेबसाइट www.aipmt.nic.in के माध्यम से केवल ऑनलाइन प्रस्तुत करना है। विवरण एआईपीएमटी 2015 के सूचना बुलेटिन के मद संख्या 12 - आवेदन फार्म की प्रस्तुति की विधि और शुल्क विवरण के तहत उपलब्ध है।</td></tr>
<tr><td>10.</td><td>यदि किसी उम्मीदवार को फार्म भरने में कोई समस्या हो तो वह किसे सम्पर्क करे ?</td><td>उम्मीदवार आवेदन फार्म भरने के लिए कार्य समय में सुविधा केन्द्रों की सहायता ले सकता है। विवरण सूचना बुलेटिन के परिशिष्ट - VII में दिया गया है ।</td></tr>
<tr><td>11.</td><td>क्या सुविधा केन्द्रों की सेवा के लिए कोई चार्ज लिया जाता है ?</td><td>यह नि:शुल्क है</td></tr>
<tr><td>12.</td><td>एआईपीएमटी 2015 के लिए शुल्क कैसे भेजा जाए ?</td><td>एआईपीएमटी 2015 के लिए शुल्क निम्न तरीके से भेजा जा सकता है:
1. डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान
2. एचडीएफसी बैंक/आईसीआईसीआई बैंक/ सिंडिकेट बैंक/ भारतीय स्टेट बैंक की किसी शाखा में ई-चालान के माध्यम से शुल्क जमा करके । अधिक जानकारी के लिए सूचना बुलेटिन के खंड 12 देखें ।</td></tr>
<tr><td>13.</td><td>यदि किसी उम्मीदवार को शुल्क भेजने में कोई समस्या हो तो वह किससे सम्पर्क करें ?</td><td>उम्मीदवार संबंधित बैंक के सम्पर्क नं. पर जो एआईपीएमटी 2015 की वेबसाइट पर उपलब्ध है के द्वारा सम्पर्क कर सकता है।</td></tr>
<tr><td>14.</td><td>शुल्क भेजने के लिए नजदीकी एचडीएफसी बैंक/आईसीआईसीआई बैंक/ सिंडिकेट बैंक/ भारतीय स्टेट बैंक का पता कैसे लगाया जा सकता है?</td><td>वेबसाइट www.aipmt.nic.in में एक लिंक- Help है जो उम्मीदवारों की सुविधा के लिए ई-चालान द्वारा भुगतान करने के लिए एचडीएफसी बैंक/आईसीआईसीआई बैंक/सिंडिकेट बैंक / भारतीय स्टेट बैंक की नजदीकी शाखाओं को दर्शाएगी।</td></tr>
<tr><td>15.</td><td>एआईपीएमटी 2015 के लिए ऑनलाईन आवेदन फार्म की प्रस्तुति और शुल्क भुगतान की तिथि और शुल्क सारणी क्या है?</td><td><table>
<tr><th>घटना क्रम</th><th>तिथि</th></tr>
<tr><td colspan="2">विलंब शुल्क के बिना</td></tr>
<tr><td>ऑनलाइन आवेदन फार्म प्रस्तुत करने की समय-सारणी</td><td>01.12.2014 से 31.12.2014</td></tr>
</table></td></tr>
</table>

31.12.2014 को अथवा पहले पंजीकृत ऑनलाइन आवेदन के लिए लागू शुल्क के सफलतापूर्वक सम्पादन करने की अंतिम तिथि	क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड द्वारा	01.01.2015
	केवल ई-चालान द्वारा	02.01 .2015
<u>विलम्ब शुल्क के साथ</u>		
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की समय-सारणी		03.01.2015 से 31.01.2015
31.01.2015 करे अथवा पहले पंजीकृत ऑनलाइन आवेदन के लिए शुल्क को सफलतापूर्वक सम्पादन की अंतिम तिथि	क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड द्वारा	01.02.2015
	केवल ई-चालान द्वारा	02.02.2015
वेबसाइट पर प्रवेश पत्र पर अपलोड करने की तिथि		01.04.2015
एआईपीएमटी 2015 परीक्षा की तिथि		03.05.2015 (रविवार)
परिणाम की घोषणा		05 जून 2015 तक

शुल्क विवरण

	विलम्ब शुल्क के बिना	विलम्ब शुल्क सहित
सामान्य/ अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए	रू. 1200/-	रू. 2400/- (रू. 1200+ रू. 1200)
अ.जा/अ.ज.जा/शा.वि.	रू. 650/-	रू. 1850/- (रू. 650 + 1200)

16.	यदि कोई उम्मीदवार परीक्षा में शामिल नही होता है अथवा नही हुआ हो तो क्या शुल्क वापसी का कोई प्रावधान है ?	नहीं। उम्मीदवार द्वारा एक बार ऑनलाईन आवेदन फार्म सफलतापूर्वक प्रस्तुत कर दिया जाता है, तो इसे वापिस नही लिया जा सकता है। आवेदन शुल्क वापसी के दावे को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नही किया जाएगा।
17.	15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा सीटों के लिए एआईपीएमटी 2015 में शामिल होने के लिए न्यूनतम और अधिकतम आयु क्या है?	(i) वह प्रवेश के समय 17 वर्ष आयु पूरी कर चुका/चुकी हो अथवा प्रथम वर्ष एमबीबीएस/बीडीएस कोर्स में उसके प्रवेश के वर्ष के 31 दिसम्बर को या उससे पहले आयु पूरी कर लेगा/लेगी और भारतीय नागरिक हो। (ii)15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा सीटों के तहत प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा प्रवेश परीक्षा के वर्ष के 31 दिसम्बर को 25 वर्ष है। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए इस ऊपरी आयु सीमा में 5 (पांच) वर्ष की छूट दी जाएगी।

		उम्मीदवार का जन्म निम्नलिखित तिथियों को होना चाहिएः (क) 01.01.86 से 01.01.99 (अ.जा/अ.ज.जा/अ.पि.व श्रेणी) (ख) 01.01.91 से 01.01.99 (अन्य श्रेणी)
18.	सहभागी राज्यों/ विश्वविद्यालयों/संस्थानों तथा एएफएमसी के नियंत्रणधीन सीटों के लिए पात्रता क्या है ?	उम्मीदवार प्रवेश के समय 17 वर्ष आयु पूरी कर चुका/चुकी हो अथवा प्रथम वर्ष एमबीबीएस/बीडीएस कोर्स में उसके प्रवेश के वर्ष के 31 दिसम्बर को या उससे पहले आयु पूरी कर लेगा/लेगी और भारतीय नागरिक हो। भारत के विदेशी नागरिक (ओसीआई) भी भारत सरकार, संबंधित राज्य सरकारों और संबंधित विश्वविद्यालयों/संस्थानों के नियमों व विनियमों के अधीन भाग लेने वाले राज्यों/विश्वविद्यालयों/संस्थानों के नियंत्रणाधीन सीटों में प्रवेश के लिए एआईपीएमटी में शामिल हो सकते हैं। ओसीआई उम्मीदवार एआईपीएमटी-2015 के लिए आवेदन करने के पूर्व सहभागी राज्यों/ विश्वविद्यालयों/संस्थानों के पात्रता मानकों को सत्यापित कर लें। सहभागी राज्यों/विश्वविद्यालयों/संस्थानों के नियंत्रण में सीटों के अधीन प्रवेश प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की ऊपरी आयु सीमा उनके नियमों व विनियमों के अनुसार होगी।
19.	आंध्रप्रदेश, जम्मू व कश्मीर और तेलंगाना से उम्मीदवार मुम्बई में पढ़ रहा है और महाराष्ट्र का अधिवास है तो क्या 15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा सीटों के लिए पात्र है ?	हॉं, यदि उम्मीदवार आंध्रप्रदेश, जम्मू व कश्मीर और तेलंगाना में मेडिकल/ डेन्टल कॉलेजों में एमबीबीएस/बीडीएस सीटों के लिए प्रवेश प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं हो। उम्मीदवार को इस आशय की एक स्व घोषणा प्रस्तुत करनी होगी कि वह आंध्रप्रदेश, जम्मू व कश्मीर और तेलंगाना का अधिवासी नही है (फार्मेट सूचना बुलेटिन के परिशिष्ट II में है।
20.	**State which candidate belongs-** कालम में आवेदन फार्म में एक राज्य से और दूसरे राज्य के अधिवासी उम्मीदवार द्वारा क्या सूचना भरी जाएगी ?	मूल राज्य। उदाहरण के लिए, आंध्रप्रदेश का एक उम्मीदवार और गुजरात के अधिवास को State which candidate belongs कालम में आंध्रप्रदेश भरना चाहिए।
21.	बोर्ड को भेजे जाने वाले पुष्टिकरण पृष्ठ के साथ संलग्न किए जाने वालेसंलग्नक क्या है ?	उम्मीदवारों को पुष्टिकरण पृष्ठ का प्रिंट आऊट अथवा अन्य कोई दस्तावेज एआईपीएमटी को भेजने की आवश्यकता नही है।
22.	यदि गलती से फार्म भरने के दौरान, ऑनलाईन फार्म में गलत विवरण भरा जाता है तो उसे कैसे ठीक किया जाएगा ?	उम्मीदवारों के व्यक्तिगत विवरण को एक बार में ऑनलाईन सुधार का एक विकल्प होगा। तथापि, उम्मीदवार को CHOICE OF EXAM CENTERAND LANGUAGE OF QUESTION PAPER को किसी भी परिस्थिति में सुधार करने की अनुमति नहीं होगी।
23.	क्या एनआईओएस से भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान और अंग्रेजी के साथ कक्षा **XII** उत्तीर्ण करने वाला उम्मीदवार एआईपीएमटी के लिए शामिल होने का पात्र है ?	हां, कोई उम्मीदवार किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से भौतिकी,रसायनशास्त्र और जीव विज्ञान (जैव प्रौद्योगिकी) विषय 50 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा XII उत्तीर्ण करता है और अर्हकारी परीक्षा में अंग्रेजी भी उत्तीर्ण करता है तो वह अन्य शर्तो के अधीन एआईपीएमटी में शामिल हो सकता है।
24.	यदि कोई छात्र केएसए/विदेश में सीबीएसई बोर्ड से कक्षा **XI** वीं तक अध्ययन करता है और कक्षा	हां, सभी भारतीय नागरिक 15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा सीटों के लिए शामिल होने के पात्र हैं।

	XII भारत में सीबीएसई से अध्ययन करता है तो क्या वह एआईपीएमटी	
25.	क्या गणित लेना अनिवार्य है यदि मैं एआईपीएमटी में शामिल होना चाहता हूँ ?	एआईपीएमटी में शामिल होने के लिए गणित लेना अनिवार्य नहीं है।
26.	क्या अंग्रेजी, हिंदी, भौतिकी, रसायन विज्ञान, और शारीरिक शिक्षा के विषयों में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने और अन्य बोर्ड से जीव विज्ञान के लिए शामिल होने वाला	नहीं। एक मान्यता प्राप्त बोर्ड/ विश्वविद्यालय से भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान/ जैव प्रौद्योगिकी विषयों तथा इन विषयों में प्रायोगिक परीक्षा और अंग्रेजी विषय सहित कक्षा XII परीक्षा के समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण ही केवल एआईपीएमटी में शामिल होने के पात्र हैं।
27.	क्या वर्ष 2015 में कक्षा XII में शामिल होने वाले उम्मीदवार एआईपीएमटी 2015 में	हां।
28.	किस तिथि से एआईपीएमटी 2015 फार्म उपलब्ध होगें ?	एआईपीएमटी 2015 के लिए ऑनलाईन आवेदन फार्म 01.12.2014 से www.aipmt.nic.in पर उपलब्ध होगें
29.	क्या फार्म ऑनलाईन उपलब्ध होंगे अथवा इन्हें किसी बैंक या संस्थान से खरीदा जा सकता है ?	आवेदन फार्म केवल ऑनलाईन उपलब्ध होंगे। उम्मीदवार वेबसाइट www.aipmt.nic.in पर लोगिंग करके आवेदन कर सकता है।
30.	एक छात्र एआईपीएमटी के लिए कितनी बार/कितने प्रयास तक उपस्थित हो सकता	प्रयास की कोई सीमा नहीं है।
31.	एआइपीएमटी 2015 के आवेदन फार्म का पुष्टिकरण पृष्ठ कैसे भेजना है ?	उम्मीदवारों को ऑनलाईन आवेदन के पुष्टिकरण पृष्ठ का प्रिंट आऊट अथवा अन्य कोई दस्तावेज एआईपीएमटी युनिट को भेजने की आवश्यकता नही है।
32.	क्या कोई ऑनलाइन आवेदन का पुष्टिकरण पृष्ठ कुरियर द्वारा भेज सकता है ?	नहीं ।
33.	यदि एक उम्मीदवार युएसए में पैदा हुआ है और भारत में पढ़ा है और उसके पास ओसीआई कार्ड है, एआईपीएमटी के लिए आवेदन करना चाहता है, क्या वह एआईपीएमटी 2015 के लिए पात्र है ?	हां। भारतीय नागरिक और भारत के विदेशी नागरिक (ओसीआई) एआईपीएमटी 2015 में शामिल होने के लिए पात्र हैं। तथापि, ओसीआई 15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा के तहत सीटों के लिए पात्र नहीं हैं। सहभागी राज्यों/विश्वविद्यालयों/संस्थानों के नियंत्रण अधीन सीटों के लिए प्रवेश हेतु ओसीआई उम्मीदवारों की पात्रता एआईपीएमटी के लिए आवेदन करने से पहले अभिनिश्चित की जाएगी।
34.	एआईपीएमटी 2015 के लिए प्रवेश पत्रों की वेब होस्टिंग के लिए नियत तिथि क्या है ?	प्रवेश पत्र होस्टिंग की अनंतिम सारणी 01 अप्रेल, 2015 से है।
35.	एआईपीएमटी 2015 का परिणाम कब घोषित किया जाएगा ?	5 जून 2015 तक
36.	एआईपीएमटी 2015 के लिए पूर्ण मार्गदर्शन/ अनुदेशों के बारे में कैसे जाना जाए ?	एआईपीएमटी 2015 के लिए मार्गदर्शन एआईपीएमटी 2015 के सूचना बुलेटिन में उपलब्ध है जो वेबसाइट www.aipmt.nic.in पर उपलब्ध है।
37.	अखिल भारतीय कोटा सीटें क्या है ?	डीजीएचएस द्वारा आयोजित काउंसलिंग के माध्यम से सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अखिल भारतीय कोटा सीटों की 15 प्रतिशत मेरिट स्थिति के तहत भरी जाने वाली अखिल भारतीय कोटा सीटें है।
38.	क्या 15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा के	हां। केवल वे राज्य/ विश्वविद्यालय/ संस्थान/ एएफएमसी

	अलावा सीटों के लिए राज्य मेडिकल कालेजों/ विश्वविद्यालयों/ एएफएमसी में प्रवेश एआईपीएमटी के माध्यम से होगा ?	जिन्होंने एआईपीएमटी 2015 की मेरिट सूची के प्रयोग का विकल्प दिया है। विवरण एआईपीएमटी 2015 के सूचना बुलेटिन के परिशिष्ट -VIII में है।
39.	क्या एआईपीएमटी में नकारात्मक मार्किंग होगी ?	हॉं। प्रत्येक सही उत्तर के 04 अंक मिलेंगे और प्रत्येक गलत उत्तर का 01 अंक कुल स्कोर से कम कर दिया जाएगा।
40.	एआईपीएमटी 2015 का परिणाम कितने समय तक मान्य है ?	एआईपीएमटी 2015 के सफल उम्मीदवारों का परिणाम केवल शैक्षणिक सत्र 2015-16 के लिए मान्य है।
41.	क्या प्रार्थियों के लिए एआईपीएमटी 2015 परीक्षा के लिए कोई हेल्पलाइन है	सीबीएसई टोल फ्री नं. 1800118002, 011-22041807 और 2241808
42.	क्या कोई एआईपीएमटी के लिए प्रस्तुत आवेदन को रद्द कर सकता है ?	\ऑनलाईन आवेदन पत्र के एक बार सफलतापूर्वक प्रस्तुत होने के बाद रद्द नही किया जा सकता है।
43.	उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में क्या लाना आवश्यक है ?	उम्मीदवार को एआईपीएमटी 2015 का अपना प्रवेश पत्र लाना आवश्यक है ii.उम्मीदवार को परामर्श दिया जाता है कि वे अपने साथ एक कार्ड-बोर्ड अथवा एक क्लिप-बोर्ड लेकर आएं ताकि यदि परीक्षा हॉल में उपलब्ध कराई मेजों की सतह समतल न हो तो भी उन्हें उत्तर-पुस्तिका में उत्तर लिखने में कोई कठिनाई न हो। **iii.**प्रवेश पत्र के साथ डाउनलोड किए गए फार्मेट पर चिपकाया गया एक पोस्टकार्ड आकार (4"6") का फोटोग्राफ । कृपया नोट करें: उम्मीदवारों को बाल प्वाईंट पेन केन्द्र द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।
44.	क्या उम्मीदवार को परीक्षा केन्द्र में उपरोक्त क्र. सं. 44 में उल्लेखित के अलावा कुछ और भी लाना है ?	परीक्षा केन्द्र में कोई अन्य सामान लाने की अनुमति नही है। अत: उम्मीदवार को अन्य कोई चीज नहीं लानी चाहिए।
45.	क्या कोई उम्मीदवार पहले जा सकता है यदि वह नियत परीक्षा समय से पहले परीक्षा समाप्त कर लेता है ?	परीक्षा समय पूरा होने से पहले कोई उम्मीदवार परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेगा।
46.	यदि कोई प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं करता है तो किसे सम्पर्क करना चाहिए ?	यदि पंजीकृत उम्मीदवार का प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड नही होता है तो एआईपीएमटी शाखा, सीबीएसई से ई-मेल-, aipmt.cbse@nic.in अथवा फैक्स नं. 011-22509251 अथवा हेल्पलाइन नं. पर 01 अप्रेल 2015 के बाद सम्पर्क किया जा सकता है।
47.	एआईपीएमटी 2015 के परिणाम का कैसे पता लगाया जा सकता है ?	एआईपीएमटी 2015 का परिणाम सारणी अनुसार वेबसाइट www.aipmt.nic.in, www.cbseresult.nic.in पर अपलोड किया जाएगा।
48.	एआईपीएमटी 2015 के बाद काउंसलिंग कौन करेगा ?	15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा सीटों के लिए काउंसलिंग डीपीएचएस द्वारा की जाएगी। सहभागी राज्यों/ विश्वविद्यालयों/ संस्थानों के नियंत्रण अधीन सीटों के लिए उनके संबंधित प्राधिकारियों द्वारा की जाएगी। विवरण सूचना बुलेटिन के परिशिष्ट - VIII पर उपलब्ध है।

49.	क्या वेबसाइट पर ओएमआर शीट की छवि और उत्तर देखे जा सकते हैं ?	ओएमआर शीट की छवि और मशीन द्वारा दर्शाए गए उत्तरों को 20 मई 2015 से 25 मई 2015 के बीच किन्हीं तीन दिनों के लिए वेबसाइट www.aipmt.nic.in पर प्रदर्शित किया जाएगा । उम्मीदवार कथित अवधि के दौरान उसे नि:शुल्क देख सकते हैं।
50.	क्या उत्तर शीट की पुन: जांच के लिए कोई प्रावधान है ?	नहीं
51.	क्या ओएमआर ग्रेडिंग में दिए उत्तरों को चुनौति देने का कोई प्रावधान है ?	नहीं
52.	परीक्षा हॉल में प्रविष्ट करने का क्या समय है ?	परीक्षा हॉल परीक्षा आरंभ होने से 30 मिनट पूर्व खोला जाएगा। उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित है कि वे परीक्षा हॉल के खुलने के पश्चात तत्काल अपनी सीटों पर बैठ जाएं। यदि उम्मीदवार समय पर नहीं पहुंचते हैं, तो वे परीक्षा हॉल में घोषित किए जाने वाले कुछ सामान्य अनुदेशों को सुनने से वंचित हो सकते हैं।